# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

### 14.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

**बाल दिवस**

आज बाल दिवस है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस को हर वर्ष 14 नवम्बर को देश भर में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश महिला एवं बाल विकास निदेशालय द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कल्चरल मीट–2025 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी तरह शिमला के टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम में आज से 16 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चम्बा जिला के बाल देखभाल संस्थान पांगी, किलाड़ के 18 बच्चे भाग ले रहे हैं। इस दौरान बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों के साथ बातचीत की। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें आत्मविश्वासी और ज़िम्मेदार नागरिक बनाना ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने बच्चों के साथ कुछ सुखद पल भी साझा किए और उनमें से कुछ ने वंदेमातरम गाया और कविताएं भी सुनाईं।

**सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आकांक्षी जिला चंबा की हरिपुर पंचायत में 200 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत के इस प्लांट के बनने से इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। **अधिक ब्यौरा हमारे चंबा जिला संवाददाता से.......**

**डिस्पेच....**

*प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चम्बा जिला की हरिपुर पंचायत में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने के पश्चात ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष लगभग 10 से 11 लाख रुपये की आय प्राप्त होगी जिससे पंचायत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। इसके तहत हरिपुर पंचायत के प्रत्येक पांच वार्डों में 10 सौर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। इसके अतिरिक्तए पंचायत घर एवं चार शिक्षण संस्थान भी इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।*

*आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर*

**वंदे मातरम**

समग्र देश राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा है। वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता सेनानियों को आंदोलित किया था और पूरे देश को एकजुट किया था।

यह आज हमें फिर स्मरण करा रहा है कि वंदेमातरम् मात्र एक गीत ही नहीं बल्कि राष्ट्र की अदम्य शाश्वत भावना का प्रतीक है। पेश है एक रिपोर्ट.....

**बिरसा मुंडा जयंती**

भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की कल 150वीं जयंती मनाई जाएगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस को रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने बताया कि प्रदेश के सभी ज़िलों में 15 नवम्बर को भव्य सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा।

———————————————————